पत्रांकः— 04/NULM-02/16/................................/न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

चैतन्य प्रसाद, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त, सभी नगर निगम।
कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत।

पटना, दिनांक...........................

विषयः— दीनदयाल अन्त्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के EST&P घटक के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों के साथ एकरारनामा कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के संबंध में।

प्रसंगः— पत्र सं0—1072 दिनांक— 28.04.2017 एवं BSDM/SDM-23/2017-273 दिनांक 25.04.2017.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ लिया जाय। दीनदयाल अन्त्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) घटक के क्रियान्वयन हेतु बिहार कौशल विकास मिशन (BSDM) से प्राप्त प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों की प्रथम सूची सभी नगर निकायों को उपलब्ध करायी जा चुकी है। BSDM द्वारा प्राप्त द्वित्तीय सूची आप सबों को अग्रतर कारवाई हेतु भेजा जा रहा है। इस हेतु उपरोक्त संदर्भित पत्र सं0— 1072 दिनांक— 28.04.2017 में उल्लेखित निदेशों का अनुपालन किया जाय।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2017—18 के EST&P घटक के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रशिक्षण कार्य Mission Mode में चलाया जाना है। इस क्रम में दिनांक—01.07.2017 से BSDM द्वारा प्राप्त सभी Skill Development Center (SDC) में प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है। निदेश दिया जाता है कि विभाग द्वारा प्रेषित BSDM से निबंधित SDC के साथ एकरारनामा करके दिनांक—01.07.2017 को सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर एक साथ प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतु संलग्न कार्य योजना के अनुसार सभी आवश्यक तैयारी करा ली जाय तथा निर्धारित तिथि को समारोहपूर्वक प्रशिक्षण प्रारंभ कराया जाय।

अतः अनुरोध है कि वर्णित निदेशों का तत्परता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

अनुः यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/—

प्रधान सचिव

ज्ञापक :— **04/NULM-02/16** 1412 पटना / दिनांक 16.6.17

प्रतिलिपि :— प्रधान सचिव—सह—मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6/2017

प्रधान सचिव,